Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct a bridge on National Highway No. 30 between Raipur and Dhamtari in Chhattisgarh- laid

श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द): छतीसगढ़ मे राष्ट्रीय राजमार्ग 30 का चौड़ीकरण फोर लेन के रूप मे रायपुर से धमतरी तक किया जा रहा है, उक्त मार्ग के दोनों तरफ गाँवो की बसावट है । सड़कों की ऊंचाई बढ़ जाने के कारण किनारे बसे गाँवो जैसे चटौद, दरबा कुरुद एवं डांडेसरा आदि गाँवो के घर सड़क मार्ग से काफी नीचे हो गए है । पानी की निकासी एवं आवागमन की सुविधा बाधित हो रही है । राष्ट्रीय राजमार्ग - क्रमांक-30 अंतर्गत चटौद गाँव के प्राथमिक स्कूली बच्चों को भी सड़क पार करने मे भय बना हुआ है । अत: छोटे बच्चो को स्कूल जाने हेतु ओवर हेड (ब्रिज) के निर्माण को अतिशीघ्र कराए की जाने की आवश्यकता है । ओवर हेड वे (ब्रिज) निर्माण हो जाने से बच्चों को तथा अन्य लोगों को दुर्घटनाओं से बचाया जा सकता है । अत: सड़क एवं परिवहन मंत्रालय से मेरी गुजारिश है कि उक्त विषय को संज्ञान मे लेते हुए अतिशीघ्र संबंधित विभागीय अधिकारी को उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाय ।